**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *39**

**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएम मित्र पार्क योजना**

***39. श्री अनूप संजय धोत्रे:**
**श्री मनीष जायसवाल:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एण्ड अपेरल (एमआईटीआरए) पार्क योजना के शुभारंभ के बाद से बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की स्थापना सहित इसके तहत हुई विशिष्ट प्रगति और विकास का ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक मित्र पार्क में अब तक क्या-क्या प्रमुख उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(ख) पीएम मित्र पार्क/टेक्सटाइल पार्क में व्यवसाय और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं, जिनमें निवेश और व्यावसायिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन, नीतिगत सहायता और संवर्धनात्मक प्रयास शामिल हैं; और

(ग) पीएम मित्र पार्क/टेक्सटाइल-पार्क में अब तक कुल कितना वित्तीय निवेश किया गया है तथा आगामी वर्षों में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के योगदान और अपेक्षित वित्तीय आवक का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**वस्त्र मंत्री**

**(श्री गिरिराज सिंह)**

**(क) से (ग):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**दिनांक 04.02.2025 को पीएम मित्र पार्क योजना के संबंध में श्री अनूप संजय धोत्रे और श्री मनीष जायसवाल द्वारा पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *39 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**(क) से (ग):** वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत वृहद पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

इस योजना में कुल परियोजना लागत का 30% विकास पूंजी समर्थन (डीसीएस) की परिकल्पना की गई है, जो योजना दिशानिर्देशों के अधीन प्रत्येक ग्रीनफील्ड पार्क के लिए 500 करोड़ रुपये तक और प्रत्येक ब्राउनफील्ड पार्क के लिए 200 करोड़ रुपये तक है। इस योजना में पार्क में शीघ्रता से निर्माण इकाइयों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रति पार्क 300 करोड़ रुपये तक की प्रतिस्पर्धात्मक प्रोत्साहन सहायता (सीआईएस) की भी परिकल्पना की गई है। यह प्रोत्साहन विस्तृत योजना दिशानिर्देशों में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है।

व्यवसायों तथा निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर राज्यों, निवेशकों और संभावित पार्क डेवलपर्स सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बड़ी संख्या में सहभागिता और परामर्श किया गया है।

पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत अब तक 18,500 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित निवेश क्षमता वाले निवेश समझौता ज्ञापनों/प्रस्तावों पर हस्ताक्षर/प्राप्त हुए हैं।

सरकार द्वारा साइटों की स्वीकृति के बाद, चयनित राज्यों/एसपीवी ने सड़क, पानी और बिजली, पार्क गेट तक अवसंरचना, साइटों की तैयारी और अन्य संबंधित अवसंरचना के प्रावधान सहित जमीनी स्तर पर कई गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और तेलंगाना में पीएम मित्र स्थलों के लिए पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त कर ली गई है। महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मित्र पार्क के संबंध में, 111 करोड़ रुपये की अवसंरचना विकास की निविदा को अंतिम रूप दिया गया है और कार्य आदेश जारी किया गया है।

पीएम मित्र पार्क अमरावती महाराष्ट्र की आधारशिला माननीय प्रधान मंत्री द्वारा सितंबर 2024 में रखी गई थी।

****